ब्लैक रिबन इनीशिएटिव अभियान के तहत डेली कॉलेज में आयोजित 68वीं कार्यशाला

समझे साइबर अपराध से बचने के तरीके



दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

आज के दौर में साइबर अपराधों से बचना जरूरी है। साइबर टेक्नोलॉजी बढ़ने के साथ ही इस क्षेत्र में अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में इसका संचालन सुरक्षित तरीके से करना आवश्यक है। ये बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के निदेशक व आईजी वरुण कपूर ने ब्लैक रिबन इनीशिएटिव अभियान के तहत डेली कॉलेज में आयोजित 68वीं कार्यशाला में कही। उन्होंने करीब तीन सौ छात्र-छात्राओं और 37 फ़ैकल्टी मेंबर्स को साइबर सुरक्षा के पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया इस आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल सुरक्षित तरीके से केवल अपने फायदे के लिए करें। इस दौरान गलती करने और अपराध का शिकार बनने से बचें।

सुरक्षित इस्तेमाल के दिए टिप्स

कपूर ने साइबर अपराधों से बचने के तरीके बताए। उन्होंने कहा हमें इसके संचालन के दौरान स्वयं को सुरक्षित रखने के प्रयास करना चाहिए। स्टूडेंट्स व फैकल्टी मेंबर्स ने भी सवाल किए, जिसका समाधान किया गया। दूसरे सत्र में उन्होंने टिप्स दिए, जिससे साइबर स्पेस का सुरक्षित इस्तेमाल किया जा सके।